सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

भाद्र 30, बुधवार, शाके 1944-सितम्बर 21, 2022
Bhadra 30, Wednesday , Saka 1944- September 21, 2022

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि।

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

अधिसूचना

जोधपुर, सितम्बर 13, 2022

संख्या: एफ.37/भूउप/(15/2020)/2022/400 :-जोधपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में राजस्व ग्राम बासनी बेन्दा के खसरा संख्या 15/2 क्षेत्रफल 1839.2 वर्गगज (1537.80 वर्गमीटर) का पट्टा विलेख अनुसार अन्य सामुदायिक सुविधाएँ (ओ.सी.एफ.) प्रयोजनार्थ से वाणिज्यिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु दो स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 20 सितम्बर, 2020 को आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे। निर्धारित समयावधि में किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति की 168 वीं बैठक दिनांक 14.03.2022 में एजेण्डा संख्या 07/168 के तहत् प्रश्नगत भूमि/भूखण्ड का अन्य सामुदायिक सुविधाएँ (ओ.सी.एफ.) से व्यवसायिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने की स्वीकृती प्रदान की गई है।

<u>उपान्तरण</u>

जोधपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2009 की धारा 25 की उप-धारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रश्नगत भूमि के सामने निर्धारित सड़क हेतु सड़क के मध्य से 132 फीट भूमि सड़क छोड़ते हुए शेष आवेदित भूमि का अन्य सामुदायिक सुविधाओं से व्यवसायिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया हैं।

उक्त उपान्तरण माननीय उच्च न्यायालय में मास्टर प्लान में भू-उपयोग उपान्तरण से संबंधी विचाराधीन रिट पिटीशन संख्या 1554/04 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगा।

यह विज्ञप्ति आज दिनांक-13 सितम्बर, 2022 को जारी की गई। उक्त अधिसूचना राजस्थान राज-पत्र के असाधारण अंक एवं राज्य के दो प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के पश्चात् ही मान्य होगी।

राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति की आज्ञा से,

जय नारायण मीणा,
सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।